रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)-72

REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 15] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 30, 1986/आश्विन 8, 1908

No. 15] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 30, 1986/ASVINA 8, 1908

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दी इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इण्डिया

अधिसूचना

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स)

नई दिल्ली, 30 सितम्बर, 1986

संख्या 1-सी ए. (5) 037/86:— चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स एक्ट 1949 के अनुभाग 18 के उप अनुभाग (5) की व्यवस्थाओं के अनुसार, 31 मार्च 1986 को समाप्त हुए वर्ष की परिषद की रिपोर्ट तथा आडिट किये हुए वार्षिक लेखे की एक प्रति सर्वसाधारण की सूचना हेतु प्रकाशित की जाती है :—

31 मार्च 1986 को समाप्त हुये वर्ष के लिये परिषद् की 37वीं वार्षिक रिपोर्ट

चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स एक्ट 1949 की धारा 18(5) की व्यवस्थाओं के अनुसार परिषद को अपनी 37वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने में हर्ष है। इस रिपोर्ट में न केवल 31 मार्च 1986 को समाप्त हुये वर्ष में इंस्टीट्यूट की गतिविधियों का ही समावेश है बल्कि इसमें इसके जारी होने की तिथि तक के महत्वपूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया है।

1. परिषद

12वीं परिषद का कार्यकाल 16 सितम्बर, 1985 को समाप्त हो गया और 13वीं परिषद जो कि पांच क्षेत्रीय चुनाव क्षेत्रों से इंस्टीट्यूट के 24 निर्वाचित सदस्य तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत 6 सदस्यों से बनी है, का गठन 17 सितम्बर, 1985 को किया गया था। दोनों परिषदों और उनकी समितियों की स्थिति (अ) 1 अप्रैल, 1985 से 16 सितम्बर 1985 तथा (ब) 17 सितम्बर, 1985 से 31 मार्च 1986 तक की अवधि के लिये क्रमशः परिशिष्ट I और II में दी गई है।

1.2 अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

श्री ए.सी. चक्रवर्ती और श्री पी.ए. नायर 16 सितम्बर, 1985 तक क्रमशः अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बने रहे। श्री पी.ए. नायर और श्री आर. बालाकृष्णन 17 सितम्बर, 1985 से एक साल की अवधि के लिये क्रमशः अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुने गये।

1.3 परिषद की बैठकें

वर्ष 1985-86 के दरमियान परिषद की पांच बैठकें हुई—113वीं बैठक 11, 12 और 13 अप्रैल, 1985 को बम्बई में, 114वीं—11 और 12 जुलाई 1985 को नई दिल्ली में, 115वीं—14, 15 और 16 सितम्बर 1985 को नई दिल्ली में, 116वीं—17 सितम्बर, 1985 को नई दिल्ली में तथा 117वीं—19, 20 और 21 दिसम्बर, 1985 को नई दिल्ली में हुई।

2. अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध

2.1 इंटरनेशनल फेडरेशन आफ एकाउन्टेंट्स

(ए) इंस्टीट्यूट लेखापालों के अन्तर्राष्ट्रीय राज संघ (आई.एफ.ए.सी.) का लगातार सदस्य रहता आया है तथा भारत आई.एफ.ए.सी. की परिषद का निर्वाचित सदस्य बनता आया है तथा इसकी एजुकेशन कमेटी, इंटरनेशनल आडिटिंग प्रेक्टिसिज कमेटी तथा फाइनेन्शियल एंड मैनेजमेंट एकाउंटिंग कमेटी में प्रतिनिधित्व करता आ रहा है।

(बी) श्री बी.एन. कामथ, इंस्टीट्यूट के भूतपूर्व अध्यक्ष, आई.एफ.ए.सी. की परिषद में भारत की ओर से बराबर प्रतिनिधित्व करते रहे हैं।

(सी) श्री बंगी एन. सेठना, इंस्टीट्यूट के भूतपूर्व अध्यक्ष, आई.एफ.ए.सी. की एजुकेशन कमेटी के सभापति के पद पर बने हुये हैं।

(डी) श्री वाई.एन. मानेगम, इंस्टीट्यूट के भूतपूर्व अध्यक्ष, आई.एफ.ए.सी. की इंटरनेशनल आडिटिंग प्रैक्टिसिज कमेटी में भारत का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं।

20 और 21 फरवरी 1986 को आई.एफ.ए.सी. की एजुकेशन कमेटी की एक बैठक नई दिल्ली में हुई। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों पर प्रकाश डालने तथा एजुकेशन कमेटी के भविष्य के कार्यक्रमों के पुनरावलोकन पर एक सेमीनार का आयोजन भी किया गया। इसके अतिरिक्त, हमारे इंस्टीट्यूट तथा इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्कस एकाउन्टेंटस आफ इंडिया के प्रतिनिधियों, तथा आई.एफ.ए.सी. की एजुकेशन कमेटी के सदस्यों के साथ एक संयुक्त बैठक का आयोजन भी किया गया। इस बैठक में दोनों इंस्टीट्यूट के शिक्षा और प्रशिक्षण के लक्ष्य और कार्यक्रमों से संबंधित सामान्य हित के अनेक मामलों पर विचार किया गया।

अध्यक्ष श्री पी.ए. नायर ने मई 1986 में ज्युरिख में हुई आई.एफ.ए.सी. की परिषद की बैठक में भारतीय प्रतिनिधि के तकनीकी परामर्शदाता की हैसियत से भाग लिया।

2.2 इंटरनेशनल एकाउंटिंग स्टेन्डर्ड कमेटी

श्री पी.ए. नायर, इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष, इंटरनेशनल एकाउंटिंग स्टैन्डर्ड कमेटी की "डिसक्लोजर इन फाइनेंशियल स्टेटमेंटस आफ बैंक" के ऊपर गठित कर्णधार समिति के वर्तमान सदस्य हैं।

2.3 एशियाई एवं प्रशांत क्षेत्रीय लेखापालों का परिषद

भारत हमारी सहायक संस्था इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेंटस आफ इंडिया के माध्यम से एशियाई एवं प्रशान्त क्षेत्रीय लेखापालों के परिसंघ की प्रबन्धकारिणी समिति में प्रतिनिधित्व करता आ रहा है।

2.4 साउथ एशियन फडरेशन आफ एकाउन्टेंट्स

साऊथ एशियन फडरेशन आफ एकाउन्टेंटस की असेम्बली (सभा) की एक बैठक 3 और 4 दिसम्बर 1985 को कोलम्बो, श्री लंका में श्री पी.एन. शाह, तत्कालीन परिषद के अध्यक्ष तथा इंस्टीट्यूट के भूतपूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। श्री पी.ए. नायर, इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष, श्री ए.सी. चक्रवर्ती, इंस्टीट्यूट के एकदम भूतपूर्व अध्यक्ष और डा. कमल गुप्ता, इंस्टीट्यूट के तकनीकी निदेशक तथा तत्कालीन परिसंघ के सचिव ने इस बैठक में भाग लिया। इस बैठक में श्रीलंका के श्री एम.आर. बाटा-वाला तथा पाकिस्तान के श्री इब्राहीम ज़ाहूरवाला 1986 के लिये परिसंघ के क्रमशः अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुने गये। इस समय श्री पी.ए. नायर परिसंघ की असेम्बली में इंस्टीट्यूट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

असेम्बली की मीटिंग के बाद 4 से 7 दिसम्बर, 1985 को साऊथ एशियन फेडरेशन आफ एकाउन्टेंटस का पहला अधिवेशन हुआ। अधिवेशन का विषय "एकाउन्टेंसी व्यवसाय—दृश्य व निरभावियों", व्यवसाय की वर्तमान स्थिति को रेखांकित करना, विशेषतः दक्षिण एशियाई क्षेत्र में बदलते हुये आर्थिक एवं तकनीकी वातावरण में व्यवसाय का भविष्य के स्थान का अनुमान लगाना था। अधिवेशन में बंगलादेश, भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल के लगभग 300 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। अधिवेशन में इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व श्री पी.ए. नायर ने किया।

25 जुलाई 1986 को साफा एसेम्बली की दूसरी मीटिंग ढाका बंगला देश में हुई। श्री पी.ए. नायर ने साफा एसेम्बली में इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि की हैसियत से तथा श्री आर.एम. चोपड़ा ने श्री नायर का तकनीकी सलाहकार की हैसियत से इस मीटिंग में भाग लिया। 26 और 27 जुलाई 1986 को साफा के संरक्षण में एक सेमीनार का भी आयोजन किया गया। इस सेमीनार का आयोजन इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंटस आफ बंगलादेश तथा इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एण्ड मैनेजमेंट एकाउन्टेंटस आफ बंगलादेश ने सामूहिक रूप से किया। लगभग 400 प्रतिनिधियों ने सेमीनार के तर्क-वितर्क में भाग लिया। श्री आर.एन. राय ने जो कि हमारे इंस्टीट्यूट के सदस्य हैं "इम्पैक्ट आफ कम्प्यूटर ओन एकाउंटिंग एण्ड आडिटिंग" के विषय पर एक पेपर प्रस्तुत किया। श्री पी.ए. नायर ने "रोल आफ मैनेजमेंट एकाउन्टेंट इन एमाडर्न इन्टरप्राइज" नामक दूसरे तकनीकी सैसन की अध्यक्षता की।

2.5 11वीं कापा कांग्रेस

9 से 13 नवम्बर 1986 में एशियाई एवं प्रशांत क्षेत्रीय लेखापालों का 11वां अधिवेशन मेलबोर्न, आस्ट्रेलिया में बुलाया जा रहा है। अधिवेशन का विषय "एकाउन्टेंसी का प्रतिबिम्ब—दावें और बदलाव" है। श्री शम्भर बनर्जी जो कि हमारी परिषद के सदस्य हैं को "एकाउन्टेंटस-व्हीथर प्रोफेशनल एण्ड सोशल रेसपोन्सीबिलिटीज टु डे एण्ड टुमारो" नामक विषय पर सामूहिक लेखन का कार्य सौंपा है। इंस्टीट्यूट श्री आर. बाला कृष्णन, उपाध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिये एक प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है।

2.6 13वीं वर्ल्ड कांग्रेस आफ एकाउन्टेन्ट

13वीं वर्ल्ड कांग्रेस आफ एकाउन्टेंट्स का आयोजन 11 से 15 अक्तूबर 1987 को टोक्यो, जापान में किया जा रहा है। कांग्रेस का विषय "कम्प्यूटर वातावरण में एकाउन्टेंट की भूमिका" है। श्री रूपेन राय को जो कि हमारे इंस्टीट्यूट के सदस्य हैं को "आडिट आफ सिम्पल ई.डी.पी. सिस्टम" नामक विषय पर लेख तैयार करने के लिये चुना गया है। कांग्रेस में भाग लेने के लिये इंस्टीट्यूट एक प्रतिनिधिमंडल भेजेगा।

2.7 विदेशों में सेमीनार

इंस्टीट्यूट ने एक एक सेमीनार दुबई और दोहा में क्रमशः 25 व 26 अप्रैल, 1986 को आयोजित किये। सेमीनार के फैकल्टी सदस्यों में श्री एन.पी. शारदा, एफ.सी.ए., बम्बई तथा इंस्टीट्यूट के तकनीकी निदेशक डा. कमल गुप्ता शामिल थे। सेमीनार में एकाउंटिंग, आडिटिंग और कोरपोरेट फाइनेंस पर नये झुकावों पर विचार किया गया। दोनों सेमीनारों में उपस्थिति बहुत अच्छी थी।

2.8 अन्तर्राष्ट्रीय तकनीकी प्रतिवेदनों पर प्रतिवचन

अन्तर्राष्ट्रीय लेखापालों के परिसंघ तथा अन्तर्राष्ट्रीय एकाउंटिंग स्तर समिति द्वारा जारी किये गये प्रतिवेदनों पर इंस्टीट्यूट लगातार प्रतिवचन करता आ रहा है।

2.9 विदेशी महानुभावों की यात्रायें

साल के दरमियान में जिन महत्वपूर्ण विदेशी महानुभावों ने भारत की यात्रा की उनमें डा. जान जो. भिनर (एशियाई तथा प्रशांत क्षेत्रीय लेखापालों के महापरिसंघ के अध्यक्ष), श्री ब्रेन जेनकिन्स (अध्यक्ष—इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंटस इन इंगलैंड एण्ड वेल्स) और श्री डेविड काइरन्स (इंटरनेशनल एकाउंटिंग स्टेन्डर्ड कमेटी के सैक्रेटरी जनरल) शामिल हैं। इन यात्राओं में उनके साथ सामान्य हित के अनेक मामलों पर विचार किया गया।

3. व्यवसायिक विकास की गतिविधियां

3.1 सामान्य :

परिषद वर्ष 17 सितम्बर 1985 से 16 सितम्बर 1986 तक की अवधि के लिये परिषद द्वारा गठित की गई अनेक अस्थाई समितियों के व्यवसायिक विकास से संबंधित गतिविधियों का मूल्यांकन निम्नलिखित पैराग्राफों में किया गया है। इस मूल्यांकन में 1 अप्रैल 1985 से 16 सितम्बर 1985 तक की गतिविधियों का उल्लेख नहीं है क्योंकि इनको पहले ही गत वर्ष पेश की गई 36वीं वार्षिक रिपोर्ट में सम्मिलित किया जा चुका है। इसमें क्षेत्रीय परिषदों तथा उनकी शाखाओं की गतिविधियों का ब्योरा भी नहीं है।

3.2 एकाउंटिंग स्टैन्डर्डस बोर्ड :

(ए) जनवरी 1979 में एकाउंटिंग स्टैन्डर्डस के निर्वचन की प्रस्तावना के जारी होने के बाद परिषद ने निम्नलिखित दस डेफीनिटिव एकाउंटिंग

स्टैण्डर्डस जारी किये हैं, इनमें से एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड (9) और (10) को इस रिपोर्ट वर्ष के दौरान जारी किया है :—

(i) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड-1 (ए.एस.-1) "डिसक्लोजर आफ एकाउंटिंग पालिसीज" पर—नवम्बर 1979

(ii) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड-2 (ए.एस.-2) "वैल्यूएसन आफ इन्वेन्टरीज पर—जून 1981

(iii) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड-3 (ए.एस.-3) "वित्तीय स्थिति में परिवर्तन" पर—जून 1981

(iv) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड-4 (ए.एस.-4) "कन्टिन्जेन्सीज एण्ड इवेन्ट्स अकरिंग आफ्टर दी बैलेन्स सीट डेट" पर नवम्बर 1982

(v) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड-5 (ए.एस.-5) "पूर्व समय तथा असाधारण वस्तु और एकाउंटिंग नीतियों में परिवर्तन" पर—नवम्बर 1982

(vi) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड-6 (ए.एस.-6) "डेप्रीसियेशन एकाउंटिंग" पर—नवम्बर, 1982

(vii) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड-7 (ए.एस.-7) "निर्माण संविदा के लिये एकाउंटिंग" पर —दिसम्बर, 1983

(viii) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड-8 (ए.एस.-8) "अन्वेषण एवं विकास के लिये एकाउंटिंग" पर—जनवरी 1985

(ix) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड-9 (ए.एस.-9) "आय मान्यता" पर —नवम्बर 1985

(x) एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड-10 (ए.एस.-10) "स्थिर सम्पत्ति के लिये एकाउंटिंग" पर—नवम्बर 1985

उपरोक्त के अलावा बोर्ड ने "वित्तीय प्रतिवेदन में प्रयुक्त प्रतिबन्धों" पर एक मार्गदर्शक नोट भी जारी किया है।

(बी) एकाउंटिंग स्टैण्डर्डस को लागू करना

एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड को एक नियमित ढंग से लागू करने के लिये प्रयत्न जारी है।

एकाउंटिंग स्टैण्डर्डस को विस्तृत रूप से विख्यात करने की दृष्टि से बोर्ड ने एक लोकप्रिय ब्रोशर तैयार किया है इसे अनेक संस्थाओं को बांटा जा रहा है। यह ब्रोशर बोर्ड का गठन, इसका उद्देश्य और एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड का विकास करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देता है। इसके अलावा इस रिपोर्ट के वर्ष के अन्तर्गत एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड की जानकारी से संबंधित बड़ी संख्या में सेमीनारों का भी आयोजन किया गया।

(सी) निर्माणाधीन एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड

निम्नलिखित विषयों पर स्टैण्डर्डस तैयार किये जा रहे हैं :—

(i) आय पर कर के लिये एकाउंटिंग

(ii) नियोक्ताओं के वित्तीय स्टेटमेंटस पर सेवा निवृत्ति लाभों के लिये एकाउंटिंग

(iii) विदेशी विनिमय दरों पर परिवर्तन प्रभाव के लिये एकाउंटिंग

(iv) सरकारी अनुदान तथा सरकारी सहायता प्रकटीकरण के लिये एकाउंटिंग,

3.3 आडिटिंग प्रेक्टिसेज समिति

(ए) बैंक आडिट के लिये विस्तृत आडिट रिपोर्ट

1985 के दरमियान, भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों को आदेश दिये कि वे अपने प्रधान कार्यालयों, नियंत्रण करने वाले कार्यालयों तथा शाखाओं के आडिटरों से विस्तृत आडिट रिपोर्ट लें। इस उद्देश्य के लिये भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दो अलग प्रश्नावलियां तैयार की गईं। इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सदस्यों का मार्गदर्शन करने की आवश्यकता को मध्य नजर रखते हुये तथा इस मामले पर उनके अनुभव का लाभ प्राप्त करने के लिये समिति ने दिसम्बर 1985 में जनता के सुझाव आमंत्रित करने हेतु एक वाद-विवाद पत्र जारी किया। इस वाद-विवाद पत्र पर प्राप्त सुझावों के आधार पर समिति ने इस विषय पर एक मार्गदर्शक नोट तैयार किया है।

(बी) बैंक-आडिट पर अध्ययन

वर्ष के दरमियान समिति ने इंस्टीट्यूट का वर्तमान मुद्रित ग्रंथ "बैंक का आडिट" का संशोधन कार्य पूर्ण किया। संशोधित संस्करण का नाम "बैंकों के आडिट का अध्ययन" है जो कि व्यावसायिक बैंक की शाखा के आडिट की आवश्यकता अनुसार वैधानिक आडिट एवं विस्तृत आडिट रिपोर्ट की शर्तों की पूर्ति करता है। यह संस्करण भारतीय रिजर्व बैंक के ताजे निर्देशों एवं देश की बैंकिंग व्यवस्था में हुये अन्य परिवर्तनों का भी समावेश करता है।

(सी) स्टेटमेंट्स आन स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रेक्टिसिज

समिति ने निम्न स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रेक्टिसेज पर निम्न दो स्टेटमेंट्स पर खुला मसविदा को छापा :—

(i) धोखा और गलती

(ii) आडिट कार्य के स्तर पर नियंत्रण

सदस्यों से प्राप्त सुझावों के आधार पर समिति ने इन मसविदों को पूरा कर लिया है तथा इनको परिषद के पास विचार करने तथा स्वीकृति के लिये भेजा है। परिषद द्वारा पास करने पर इनको स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रेक्टिसिज के ऊपर स्टेटमेंट्स के रूप में जारी किया जायेगा।

निम्न विषयों पर स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रेक्टिसेज के ऊपर स्टेटमेंट्स का निर्माण कार्य अनेक अवस्थाओं पर चल रहा है :—

(i) आडिट नमून

(ii) आन्तरिक आडिटर के कार्य का उपयोग

(iii) एक आडिट से संबंधित एकाउन्टिंग सिस्टम और आन्तरिक नियंत्रण में संबन्ध पर अध्ययन एवं मूल्यांकन

(iv) वित्तीय स्टेटमेंटस पर आडिटर की रिपोर्ट

समिति ने अपने विचार के लिये स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रेक्टिसेज के ऊपर स्टेटमेंट्स का प्राथमिक मसविदा तैयार करने के लिये बम्बई, कलकत्ता एवं मद्रास में अध्ययन दलों का गठन किया है। दूसरा अध्ययन दल इंस्टीट्यूट के वर्तमान मुद्रित ग्रंथ "स्टेटमेंट आन आडिटिंग प्रेक्टिसेज" के आधार पर मार्गदर्शक नोट का प्राथमिक मसविदे के विकास कार्य में व्यस्त है।

(डी) आई.एफ.ए.सी. तथा आई.ए.एस.सी. द्वारा जारी प्रलेखों पर जवाब

नई दिल्ली में समिति का एक अध्ययन दल अन्तर्राष्ट्रीय लेखापालों का परिसंघ तथा अन्तर्राष्ट्रीय एकाउंटिंग स्तर समिति द्वारा जारी किये गये अनेक प्रलेखों के प्रारम्भिक जवाब तैयार करने के कार्य में व्यस्त है।

3.4 अन्वेषण समिति

(ए) प्रकाशित साहित्य

वर्ष के दरमियान निम्नलिखित मुद्रित पुस्तकें बिक्री के लिये जारी की गयीं :—

(i) स्टेटमेंटस एवं स्टैण्डर्डस का संग्रह

(ii) मार्गदर्शक नोटों का संग्रह

(iii) छपे हुये एकाउन्टस में लागत (वर्तमान मुद्रित पुस्तक प्रेसीडेंट्स इन परिशिष्ट एकाउन्ट्स का संशोधित संस्करण)

(iv) सामान्य बीमा का काम कर रही कंपनियों के आडिट का अध्ययन

(v) निर्माण अवधि के दौरान दरमियान खर्च का प्रबंध के ऊपर मार्गदर्शक नोट "(निर्माण अवधि के दरमियान होने वाले खर्च पर अध्ययन" नामक पुस्तक का संशोधित संस्करण)

(बी) प्रकाशन की प्रक्रिया में अध्ययन।

(i) फर्टिलाइजर उद्योग पर एकाउंटिंग तथा आडिटिंग के लिये तकनीकी गाइड।

(ii) निर्माण उद्योग--आंतरिक आडिट पर गाइडलाइंस

(iii) चीनी उद्योग-आंतरिक आडिट पर गाइडलाइंस

(सी) समिति के निर्माणाधीन प्रकाशन

(i) उद्योगो में बीमारी की हालत निश्चित करने के लिये वित्तीय सूचनाओं के प्रयोग का अध्ययन

(ii) निम्नलिखित पर एकाउंटिंग तथा आडिटिंग तकनीकी गाइड:--

(अ) आटोमोबाईल उद्योग

(ब) ड्रग व फार्मास्युटिकल उद्योग

(iii) पट्टे के लिये एकाउंटिंग पर मार्गदर्शक नोट

(iv) विदेशी विनिमय विनियम एक्ट के लिये एकाउंटेंट की गाईड

(डी) परियोजना प्रगति पर

(i) स्टेटिस्टिकल सेम्पलिंग टैकनीक--आडिट प्रोसिजेज में एक सहायता।

(ii) टैक्सटाइल उद्योग--आन्तरिक आडिट के लिये गाइड लाइन्स।

(iii) होटल उद्योग के लिये एकाउन्टिंग तथा आडिटिंग की तकनीकी गाइड।

(iv) कम्पनियों के वित्तीय स्टेटमैंट्स पर इंस्टीट्यूट की घोषणाओं का प्रभाव।

(v) कस्टम ड्यूटी के नियम के लिये एकाउटेन्ट की गाइड।

(vi) टायर उद्योग--आन्तरिक आडिट के लिये गाइड लाइन्स।

(vii) निम्नलिखित पर अध्ययन :--

(ए) एम.आर.टी.पी. एक्ट

(बी) बीमा आडिट--एल.आई.सी.

(सी) सार्वजनिक ट्रस्ट का आडिट।

(डी) हास्पीटल एकाउन्टिंग तथा प्रबन्ध नियंत्रण प्रणाली।

(ई) कम्प्यूटर और आडिटर।

(viii) मोडिफाइड एकाउन्टिंग के लिये मार्ग दर्शक नोट।

(ई) संशोधन की प्रक्रिया में वर्तमान प्रकाशन

(i) ट्रीटमैंट आफ रीटायरमैंट ग्रेच्युटी इन एकाउन्ट्स पर स्टेटमैंट्स।

(ii) बोनस एक्ट, 1965 का भुगतान--एकाउन्टैन्ट्स का अध्ययन।

(iii) शैक्षणिक संस्थाओं के आडिट के लिये तकनीकी गाइड।

(iv) कोआपरेटिव समितियों की आडिट के लिये तकनीकी गाइड।

(v) शेयर मूल्यांकन पर अध्ययन।

(vi) भारतीय उद्योगों में मूल्य निर्धारण।

(vii) एकाउन्टिंग ट्रीटमैंट आफ रिजर्व्स इन अमलगमेशन पर मार्गदर्शक नोट।

(viii) बदलती कीमतों के एकाउटिंग पर मार्ग दर्शक नोट।

(ix) एकाउन्ट्स में डेप्रिसियेशन तय करने के तरीके में परिवर्तन के ऊपर स्टेटमैंट्स।

(एफ) शील्ड पैनल

सबसे अच्छे ढंग से प्रस्तुत किये गये एकाउन्ट्स के पुरस्कारों का वार्षिक पुरस्करण।

(ए) कम्पनियों तथा अवित्तीय वैधानिक निगम

वार्षिक प्रतियोगिता के जजों के पैनल ने सन 1984-85 के लिये हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड के वार्षिक रिपोर्ट और एकाउन्ट्स (31 मार्च 1985 को समाप्त हुये साल का) को सबसे अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया हुआ घोषित किया तथा इस कम्पनी को चांदी की शील्ड से पुरस्कृत किया।

जजों के पैनल ने निम्नलिखित कम्पनियों के वार्षिक रिपोर्ट और एकाउन्ट्स की बड़ी प्रशंसा की तथा इनको प्लेक से पुरस्कृत किया गया :--

दी एसोसियेटिड सीमेंट कम्पनीज लिमिटेड।

(31 जुलाई, 1984 को समाप्त हुये वर्ष के लिये)

दी इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड (31 मार्च, 1985 को समाप्त हुये वर्ष के लिये)।

दी मिनरल्स एण्ड मेटल्स ट्रेडिंग कारपोरेशन आफ इंडिया लि.

(31 मार्च, 1985 को समाप्त हुये वर्ष के लिये)।

(उपरोक्त कम्पनियां जिनके एकाउन्ट्स की बड़ी प्रशंसा की है इनका क्रम वर्णमाला के हिसाब से रखा गया है न कि प्राथमिकता के आधार पर)।

(बी) बैंक और वित्तीय संस्थाएं--1984-85 के लिये

जजों के पैनल ने बैंको और वित्तीय संस्थाओं के वार्षिक रिपोर्ट और एकाउन्ट्स पर भी विचार किया तथा "भारतीय आयात एवं निर्यात बैंक" के एकाउन्ट्स व वार्षिक रिपोर्ट को प्रतियोगिता में शामिल बैंकों व वित्तीय संस्थाओं में सर्वोत्तम घोषित किया तथा इस निगम को चांदी के शील्ड से पुरस्कृत किया।

(सी) इकाइयां जैसे कि सार्वजनिक ट्रस्ट, कोआपरेटिव समितियां अन्वेषण एवं शैक्षणिक संस्थाएं इत्यादि 1984-85 के लिये

जजों के पैनल ने उपरोक्त इकाइयों के एकाउन्ट्स और वार्षिक रिपोर्ट पर भी अलग से विचार किया तथा "इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड" के एकाउन्ट्स व वार्षिक रिपोर्ट को सर्वोत्तम घोषित किया और इसे प्लेक से पुरस्कृत किया है।

3.5 व्यावसायिक विकास समिति

(ए) राष्ट्रीयकृत बैंको तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको की शाखाओं के एकाउन्ट्स का आडिट से संबंधित एप्वाइंटमैंट प्रक्रिया तथा अन्य कार्य

संबंधित अधिकारियों के निवेदन पर उपरोक्त प्राधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट मार्गदर्शको के अनुसार वर्ष 1985 के लिये सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों व उनकी शाखाओं के लिये आडिटरों का पैनल तैयार करने के लिये कमेटी ने इंस्टीट्यूट के प्रैक्टिस करने वाले सदस्यों से सूचनाएं एकत्रित की। जिन्होंने इस निमित्त अपने आवेदन भेजे, उन्हें कम्प्यूटराइज किया गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों के पास भेजा गया। ऐसी ही सूचनाएं इंस्टीट्यूट के प्रैक्टिस करने वाले सदस्यों से सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको की शाखाओं के एकाउन्ट्स के आडिट के लिये 1986 के लिये एकत्रित की गई तथा इनकी कम्प्यूटर की प्रक्रिया द्वारा, संबंधित प्राधिकारियों द्वारा निर्दिष्ट गाइडलाइन्स के अनुसार एक सूची बनाई गई। इस तरह बनाई गई सूची को संबंधित प्राधिकारियों को

उनकी मांग के अनुसार भेज दी गई है। समिति ने सदस्यों से प्राप्त स्मरण पत्रों के आधार पर इम्पेनलमेंट से सम्बन्धित अनेक मामलों पर अधिकारियों से विचार किया।

(बी) उद्योगों में सदस्य

उद्योगों में लगे सदस्यों के लिये एक समिति का गठन किया गया जो--

(1) इन्स्टीट्यूट की गतिविधियों में उद्योगों में लगे सदस्यों का भागीदार बनने की इच्छा को जागृत करने के साधन व तरीकों पर विचार करें।

(2) उन मामलों पर विचार करना जो कि सेवा में लगे सदस्यों को प्रभावित करते हों विशेषतया भविष्य की योजनाओं से संबंधित समस्याओं, नीति विषय एवं अन्य संबंधित मामले।

(3) उद्योगों में रोजगार के इच्छुक सदस्यों तथा होने वाले नियोक्ताओं दोनों के हित में रोजगार सम्बन्धी सेवाएं प्रदान करें।

(4) सदस्यों के लिये उद्योगों में रोजगार के नये स्रोतों की खोज तथा विकास कार्य करना। इस समिति में उद्योगों में लगे हैं महत्वपूर्ण सदस्य शामिल हैं।

समिति के एक निर्णय के अनुसार अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों व विदेशों में रोजगार के अवसरों के संबंध में सदस्यों का मार्गदर्शन करने हेतु इन्स्टीट्यूट के जर्नल में लेखों की एक श्रृंखला प्रकाशित की गई। नवंबर 1985 के जर्नल में अध्यक्ष के पेज पर "इन्स्टीट्यूट और उद्योगों में लगे हुये सदस्यों के बीच के सम्बन्ध में सुधार" के ऊपर सदस्यों से अनेक विचार एवं सुझाव प्राप्त हुये। इन सदस्यों से प्राप्त विचारों एवं सुझावों पर अमल किया जा रहा है। समिति ने निर्णय लिया है कि हर एक क्षेत्रीय परिषद अपने अपने क्षेत्रों में उद्योगों में लगे सदस्यों के मामलों पर विचार करने के लिये "उद्योगों में लगे सदस्यों के लिये समिति" का गठन करेगी।

(सी) अनवरत शिक्षा कार्यक्रम

13 से 16 फरवरी 1986 में सूरजकुण्ड, हरियाणा में उद्योगों में लगे वित्त एवं एकाउन्ट्स अधिशासियों के लिये एक रेजिडेंशियल कोर्स का आयोजन किया गया।

(डी) आन्तरिक आडिट

(1) आन्तरिक आडिट का कार्य तथा आन्तरिक आडिटर के रूप में चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्सों की भूमिका को बढ़ाना और आन्तरिक आडिट से संबंधित मामलों पर विचार करने के लिये "आन्तरिक आडिट समिति" का गठन किया गया है।

(2) 6 और 7 सितम्बर 1986 को मद्रास में आन्तरिक आडिट के ऊपर अखिल भारतीय अधिवेशन हुआ। अधिवेशन में आन्तरिक आडिटर कार्य के बहुत सारे पहलुओं पर विचार किया गया तथा आन्तरिक आडिटर की बदलती हुई भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अधिवेशन में 12 पेपरों के जरिये चार सत्रों में आन्तरिक आडिटिंग के अनेक पहलुओं पर बहस हुई।

(ई) सदस्यों के लिये व्यावसायिक अवसरों पर प्रकाशन

उपर्युक्त प्रकाशन के पहले संस्करण के बाद से हुए अनेक परिवर्तनों को मध्य नजर रखते हुये इसे सदस्यों के प्रयोग के लिये अब संशोधित किया जा चुका है। इस प्रकाशन की एक कापी सभी नये सदस्यों को निःशुल्क दी जा रही है।

(एफ) विस्तृत फार्म की आडिट रिपोर्ट का विशेष ध्यान देते हुये बैंक आडिट पर सेमीनार

समिति द्वारा किये गये अनुरोध के उपलक्ष में क्षेत्रीय परिषदों ने अपने क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर विस्तृत फार्म की आडिट रिपोर्ट को विशेष ध्यान देते हुये बैंक आडिटर पर तकनीकी सेमीनार आयोजित किये गये। इस तरह 40 से भी अधिक सेमीनारों का आयोजन किया गया। इस उद्देश्य के लिये प्रधान कार्यालय में सामान्य बैंक ग्राउन्ड सामग्री अनेक क्षेत्रीय परिषदों तथा शाखाओं में बांटा गया।

(जी) बैंकों का आन्तरिक आडिट

सारे राष्ट्रीयकृत बैंकों को उन बैंकों तथा उनकी शाखाओं का एकीकृत तथा आन्तरिक आडिट का कार्य करने के लिये चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों की सेवाओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की आवश्यकता पर बल डालते हुए एक ज्ञापन दिया गया। इस अनुरोध के सदर्भ में सारे राष्ट्रीयकृत बैंकों ने सूचित किया है कि वे इस उद्देश्य के लिये चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों की सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। इस आडिट कार्य को निर्विघ्नता तथा पूर्ण रूप से करने के उद्देश्य से सदस्यों की सहायता के लिये समिति ने "बैंकों का आन्तरिक आडिट" के नाम से एक मार्गदर्शक नोट तैयार करने का फैसला किया है।

(एच) चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों द्वारा कोआपरेटिव सोसाइटीज का आडिट की व्यवस्था के लिये कोआपरेटिव सोसाइटीज एक्ट में संशोधन

समिति के निवेदन पर राज्यों की राजधानियों में स्थित क्षेत्रीय परिषदों तथा क्षेत्रीय परिषदों की शाखाओं ने अपने अपने राज्य के संबंधित अधिकारियों को चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों द्वारा कोआपरेटिव सोसाइटीज के आडिट की व्यवस्था के लिये कोआपरेटिव सोसाइटीज एक्ट में संशोधन के लिये ज्ञापन दिये हैं। परिषद के सदस्य भी व्यक्तिगत रूप से इस मामले का अनुसरण कर रहे हैं। आन्ध्र प्रदेश सरकार ने निम्नलिखित मुद्दों पर आदेश जारी कर दिये हैं।

(ए) ऐसी संस्थाएं जहां आडिट कार्य पिछड़ा हुआ है, वहां जिला कोआपरेटिव आडिट अधिकारी इस कार्य को चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट को देगा। (बी) कोआपरेटिव चीनी कारखानों का आन्तरिक आडिट का कार्य चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट को सौंपना और (सी) राज्य स्तर की समिति का गठन जिसमें एक प्रतिनिधि चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट होगा।

(आई) आयात और निर्यात प्रमाणपत्र पर मार्गदर्शन

आयात-निर्यात नीति तथा आयात और निर्यात के मुख्य नियन्त्रक द्वारा जारी 1985-86 तक की आयात-निर्यात विधि नामक हैन्ड बुक में अनेक फार्म चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित किये जाते हैं। समिति सदस्यों की सहायता के लिए एक मार्गदर्शक नोट निकालने का प्रयत्न कर रही है जो कि सदस्यों को अधिकारियों द्वारा निश्चित सूचनाओं को सत्यापित करते समय अपना कर्तव्य निभाने में सहायक होगा।

(जे) सेल्फ रेगुलेटरी तरीकों को आवश्यक बनाना

इन्स्टीट्यूट के सदस्यों में व्यावसायिक कार्य का बराबर बटवारा होने के उद्देश्य से परिषद ने समय-समय पर अनेक सेल्फ रेगुलेटरी तरीके जारी किये हैं। सेल्फ रेगुलेटरी तरीकों का पूरा सार जनवरी 1985 के "दि चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट" में प्रकाशित की जा चुकी है। परिषद ने अपनी 118वीं बैठक में जो कि अप्रैल, 1986 में हुई, निश्चय किया है कि सेल्फ रेगुलेटरी मीजर्स को आवश्यक किया जाए। इस निर्णय को किस ढंग से लागू किया जाए यह अभी विचाराधीन है।

3.6 कम्पनी लॉ समिति

(ए) सेमीनार

टैक्सेसन एवं कम्पनी लॉ के ऊपर 18वीं अखिल भारतीय सेमीनार संयुक्त रूप में टैक्सेसन एवं कम्पनी लॉ समिति द्वारा 11 से 13 अप्रैल 1986 को बम्बई में हुआ। (पूरे विवरण के लिये पैरा 3.7 (ए) देखिये)

(बी) कम्पनी प्रोस्पैक्टस रिपोर्ट के ऊपर मार्गदर्शक नोट

समिति ने "रिपोर्टस इन कम्पनी प्रोस्पैक्टस" के ऊपर एक मार्गदर्शक नोट जारी किया है जिसकी प्रतिलिपियां बिक्री के लिये उपलब्ध है। यह नोट हमारे उन सदस्यों की सहायता करता है जिन्हें वित्तीय मामलों मे अनेक रिपोर्ट देने को कहा जाता है।

(सी) कम्पनीज एक्ट के अनुभाग 293-ए के ऊपर मार्गदर्शक नोट

कम्पनीज एक्ट 1956 के अनुभाग 293-ए मे किये गये विस्तृत संशोधनों को मद्दे नजर रखते हुये समिति ने कम्पनीज एक्ट के अनुभाग 293-ए पर एक नया संशोधित संस्करण प्रकाशित किया।

(डी) चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स वित्त एवं एकाउन्ट्स विभाग के प्रधान के रूप में

नवम्बर, 1985 मे सचिव, भारत सरकार, कम्पनी कार्य विभाग को एक ज्ञापन दिया गया जिसमें सुझाव दिया गया है कि कम्पनीज एक्ट 1956 मे संशोधन करके यह व्यवस्था की जाए कि ऐसी कम्पनियां जो स्टाक एक्सचेन्ज में पंजीकृत हो तथा जिनकी पेड-अप हिस्सा पूंजी 50 लाख या उससे अधिक हो, उनका वित्त या तथा लेखा विभाग का प्रधान अनिवार्य रूप से एक चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट हो। यह ज्ञापन कम्पनी कार्य विभाग के विचाराधीन है।

(ई) कम्पनियो की (जमा-स्वीकृत) नियम, 1975

समय-समय पर एक के बाद एक जारी किये गये अनेक सर्कुलर तथा संशोधन नियम 1975 के पास होने पर समिति ने कम्पनियों (जमा-स्वीकृति) नियम, 1975 पर नोट को संशोधित किया है। यह संशोधित संस्करण प्रकाशनाधीन है।

(एफ) कम्पनीज एक्ट के अनुभाग 309 के लिये सी.ए. की योग्यता की मान्यता।

कम्पनी कार्य विभाग को एक और ज्ञापन दिया गया है जिसमें सुझाव दिया गया है कि प्रेक्टिस कर रहे एक चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स की योग्यता को कम्पनीज एक्ट, 1956 के अनुभाग 309 और अन्य संबंधित व्यवसाओ के लिये उचित योग्यता का सामान्य दर्जा दिया जाए।

(जी) कम्पनी लॉ के ऊपर सरकार से वार्ता

समिति ने कम्पनी लॉ के अनेक मामलो पर अपने विचार दिये तथा सरकार के साथ वार्ता जारी है।

3.7 कराधान समिति

(ए) सेमीनार एवं रेजिडेन्सियल कोर्स

बम्बई के ताज महल होटल में 11 से 13 अप्रेल 1986 को इंस्टीट्यूट की कराधान एवं कम्पनी लॉ समिति ने संयुक्त रूप से कराधान एवं कम्पनी लॉ पर 18वीं अखिल भारतीय सेमीनार का आयोजन किया गया। इसका विषय "कराधान एवं संयुक्त कानून" नये दृश्य" था।

बम्बई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री एस.के. देसाई ने सेमीनार का उद्घाटन किया। इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष श्री पी. ए. मायर ने पहले सत्र की अध्यक्षता की। सेमीनार मे छः तकनीकी सत्र थे — जिनमें से चार कराधान को समर्पित तथा दो कम्पनी लॉ को समर्पित थे। छः तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता क्रमशः सर्वश्री सी.के. टिक्कू वाई.एच. मालेगम, पी.एम. नारियलवाला, बी.एम. मेहता, बी.एल. कावरा एवं दादी इंजीनियर ने की।

तीसरे तकनीकी सत्र में "वर्तमान आर्थिक विकास में वित्तीय संस्थाओ की भूमिका" के विषय पर श्री एन. वाघुल, अध्यक्ष, आई.सी.आई.सी.आई. ने प्रतिनिधियों को संबोधित किया। चौथे तकनीकी सत्र में श्री पी.एम. नारियलवाला ने "फिसकल स्ट्रेटेजी फार इकोनोमिक ग्रोथ" के विषय पर प्रतिनिधियों को सम्बोधित किया। पांचवें तकनीकी सत्र मे "एक्सपेन्डीचर टैक्स" के ऊपर श्री प्रेम शंकर झा की अनुपस्थिति में प्रतिनिधियों को उनका आलेख पढ़ कर सुनाया गया।

सेमीनार ने तेरह तकनीकी विषयों पर विचार किया गया।

आई.सी.ए. के अध्यक्ष श्री एन.एन. गोईनुरिया ने समापन भाषण दिया। सेमीनार में लगभग 400 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

(ii) 16 से 19 मई, 1986 को काठमांडू के होटल ब्ल्यू स्टार में नवां रेजिडेन्सियल कोर्स कराधान पर हुआ। देश के विभिन्न भागों के 52 प्रतिनिधियों ने इसमें हिस्सा लिया।

(बी) केन्द्रीय उत्पादन एवं बहि शुल्क एक्ट

केन्द्रीय उत्पादन एवं बहि शुल्क एक्ट का रेशनेलाइजेशन एवं सरलीकरण हेतु वित्त मंत्री, सेन्ट्रल बोर्ड आफ एक्साइज एण्ड कस्टम के अध्यक्ष एवं सदस्य और वित्त सचिव को एक ज्ञापन दिया।

(सी) केन्द्रीय बजट

पहले के अनुसार वित्त मंत्री एवं दूसरे अधिकारियों को बजट से पहले और बजट के बाद ज्ञापन दिये गये। बजट से पहले के ज्ञापन में लोंग टर्म फिस्कल पालिसी के ऊपर इंस्टीट्यूट के सुझाव भी थे। इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष ने सितम्बर 1985 में लोंग टर्म फिस्कल पालिसी के निर्माण के ऊपर तथा मार्च, 1986 के वित्त विधेयक के ऊपर वित्त मंत्री के साथ विचार विमर्श में भाग लिया।

(डी) सम्पत्ति कर नियम

रिपोर्ट वर्ष के दरमियान सम्पत्ति कर नियमों के मसविदे के मूल्यांकन कर एक ज्ञापन दिया गया।

(ई) उत्तरोत्तर कराधान खर्च

उत्तरोत्तर कराधान के ऊपर खर्च पर सरकार द्वारा नियुक्त किये गये अध्ययन दल को इंस्टीट्यूट ने इसकी प्रश्नावली के प्रतिवेदन में एक ज्ञापन दिया, इस ज्ञापन तथा प्रतिवेदन को एक विशेष अध्ययन दल, जिसकी स्थापना इस उद्देश्य हेतु की गई थी, ने तैयार किया।

(एफ) वर्ष के दरमियान दिये गये अन्य ज्ञापन

(1) वित्त विधेयक 1985 के द्वारा एक के बाद एक परिवर्तन करने से टैक्स आडिट फार्म में संशोधन हेतु केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को एक ज्ञापन दिया गया। हमारे सुझावों को लागू किया गया है तथा फार्म में संशोधन किया जा चुका है।

(2) वित्त मंत्री को एक ज्ञापन दिया गया जिसमें यह सुझाव दिया गया कि एक स्वयं रोजगार प्राप्त व्यवसायी के बीमारी में इलाज का खर्च तथा बीमारी, मृत्यु एवं घटना को ढकने वाली बीमा पर भुगतान की गई प्रीमियम की राशि को घटाने के लिये आयकर अधिनियम में विशेष व्यवस्था की जाए। सरकार ने इस सुझाव को अंशतः मान लिया है तथा आयकर अधिनियम व्यवस्था की गई है कि बीमारी तथा बीमा के प्रीमियम की भुगतान की गई राशि को घटाया जाए।

(3) वित्त मंत्री को एक दूसरा ज्ञापन दिया गया जिसमें पंजीकृत फर्मों के ऊपर टैक्स लगाने से संबंधित विरोधी पहलुओं को ध्यान में लाया गया तथा इस व्यवस्था को व्यवसायी फर्मों के ऊपर लागू करने में होने वाले कठिनाइयों पर प्रकाश डाला है तथा व्यवसायी साझेदारी फर्मों ने अलग से कर लगाने की व्यवस्था को समाप्त करने का निवेदन किया गया है।

(4) इंस्टीट्यूट ने आयकर अधिनियम 1961 के अनुभाग 3 में संशोधन के प्रस्ताव पर जिसमें पिछले वर्ष की समानता की व्यवस्था है पर अपने सुझाव सी.बी.डी.टी. को भेज दिये हैं।

(जी) प्रकाशन

समिति ने "टैक्स आडिट में मुद्दे" नाम प्रकाशन निकाला। यह प्रकाशन टैक्स आडिट से संबंधित 150 से भी अधिक मुद्दों का समाधान करता है।

(2) आयकर नियम के अनुभाग 14 ए.बी. के अधीन टैक्स आडिट पर मार्ग दर्शक नोट पुनर प्रकाशनाधीन है।

(एच) अनुभाग 44ए.बी. के अधीन बैंकों का टैक्स आडिट

बैंकों का टैक्स आडिट से संबंधित मामलों पर विचार करने के लिए तथा अनुभाग 44 ए बी के अधीन टैक्स आडिट के फोरमेट को पुर्नरूप देने के लिए "इंडियन बैंक एसोसियेशन" ने बैंकिंग उद्योग के प्रतिनिधियों और इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधियों को मिलाकर एक अध्ययन दल बनाया। इसमें बहुत सारे मुद्दों पर विचार किया गया। जिसमें टैक्स आडिट शुल्क भी शामिल है तथा इससे संबंधित इसकी अनेक सिफारिशें भारतीय रिजर्व बैंक के विचाराधीन है।

(आई) आयकर अधिनियम के अनुभाग 80 जी से इंस्टीट्यूट को छूट

नई दिल्ली के आयकर आयुक्त ने आयकर अधिनियम के अनुभाग 80 जी से छूटा का एक प्रमाण पत्र जारी किया है इसमें यह वर्णन किया गया है कि दानदाताओं के द्वारा इंस्टीट्यूट को दिया गया दान अनुभाग 80 जी से मुक्त होगा। यह प्रमाण-पत्र 22-10-85 से 30-11-86 तक वैध है।

3.8 अनवरत व्यवसायिक शिक्षा के ऊपर समिति

(ए) सेमीनार और कोर्सिज

साल के दरमियान अनवरत शिक्षा कार्यक्रम के अधीन अनेकों सेमीनारों और कोर्सो का आयोजन किया गया। पूर्ण विस्तार के लिए परिशिष्ट III देखिये।

(बी) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का परिणाम

नवम्बर 1985 और मई 1986 में संशोधित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी/कोरपोरेट मैनेजमेंट/टैक्स मैनेजमैंटकोर्स (भाग 1) की परीक्षाएं ली गई। नवम्बर 1985 और मई 1986 में ली गई परीक्षाओं का संक्षिप्त परिणाम परिशिष्ट-4 में दिया गया है।

(सी) योग्यता छात्रवृत्तियां

मैनेजमैंट एकाउन्टेंसी कोर्स के सहायता स्कीम के अन्तर्गत 5 विद्यार्थीयों को किताबें खरीदने के लिए प्रत्येक को 500 रुपये की योग्यता छात्रवृत्तियां प्रदान की गई।

(डी) प्रबन्ध और आर्थिक त्रैमासिक डाईजेस्ट

सितम्बर 1985 से प्रबन्ध एवं आर्थिक त्रैमासिक डाइजेस्ट (एक जनरल जिसमें अर्थशास्त्र एवं मैनेजमेंट में समकालिन मुद्दों पर छपे हुये महत्वपूर्ण लेखाको का सारांश शामिल है) के चार संस्करण निकाले गये। इस प्रकाशन को अब छापा जा रहा है तथा इस समय इसके 2,000 से अधिक सदस्य इसके ग्राहक है।

(ई) व्यवहारिक प्रशिक्षण/मैक (एम. ए. सी.) में उत्तीर्ण

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भाग 2 के अन्तर्गत व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत उम्मीदवारों की संख्या निम्नलिखित है।

(1) मैनेजमेंट एकाउन्टेंसी कोर्स—12

(2) कोरपोरेट मैनेजमेंट कोर्स—1

(3) टैक्स मैणेजमेंट कोर्स—1

निम्नलिखित सदस्यों ने मैनेजमेंट एकाउन्टेंसी में स्नातकोत्तर योग्यता कोर्स के दोनों भागों को पूरा कर लिया है।

(1) श्री एस. वेंकटेशन (सदस्य संख्या 9139)

(2) श्री एन. एस. रामाचन्द्रन (सदस्य संख्या 18070)

(3) श्री जे. राजागोपालन (सदस्य संख्या 18713)

(4) श्री आर. दुर्गादास (सदस्य संख्या 20755)

(एफ) कम्प्यूटर केन्द्र

सदस्यों एवं विद्यार्थियों के लिये अलग ढंग के कोर्सों की व्यवस्था के लिये क्षेत्रीय कार्यालयों में आन्तरिक कम्प्यूटर केन्द्र खोलने का निश्चय किया गया है। उचित ढंग से प्रशिक्षण देने हेतु एक चार श्रेणी का प्रशिक्षण कार्यक्रम की खोज की है। मद्रास कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र ने फरवरी के अंतिम सप्ताह से कार्य करना आरम्भ कर दिया है। सदस्यो एवं विद्यार्थियो के लिये अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस केन्द्र से हमें बहुत ही उत्साहवर्धक अनुभव प्राप्त हुये। कलकत्ता में कम्प्यूटर केन्द्र ने 3 सितम्बर 1986 से कार्य करना आरंभ कर दिया है। बम्बई, दिल्ली और कानपुर में कम्प्यूटर केन्द्र स्थापित करने हेतु कदम उठाये जा रहे है।

(जी) उच्च योग्यता पाठ्यक्रमों पर प्रकाशन

"उच्च योग्यता पाठ्यक्रमों—मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी, कोरपोरेट मैनेजमेंट और टैक्स मैनेजमेन्ट नामक एक प्रकाशन तैयार किया गया है। यह प्रकाशन सदस्यों को विशिष्टीकरण के प्रत्यक्ष प्रमाणों को प्राप्त करने में सहायता करेगा। प्रकाशन में इस पाठ्यक्रमों से संबंधित नियमों, किताबों की सूचियों को पाठ्यक्रम तथा योजना का विस्तार से वर्णन किया गया है। यह सदस्यों द्वारा जमा किये जाने वाले औपचारिक वार्तालाप तथा संग्रह के प्रकृति पर विस्तार से जानकारी देता है। यह प्रकाशन अनवरत शिक्षा कार्यक्रम और कम्प्यूटर कोर्स के बारे में भी जानकारी देता है।

3.9 दक्ष सलाहकार समिति

(1) पिछली रिपोर्ट सितम्बर 1985 से समिति ने 43 प्रश्न प्राप्त किये, उनमें से 30 का उत्तर दे दिया है। 12 प्रश्न विचाराधीन हैं तथा एक प्रश्न अभी रुकी हुई है क्योंकि प्रश्नकर्ता से कुछ अतिरिक्त सूचना मांगी है।

(2) "रायों का संग्रह"—वोल्यूम 5 में समिति के विचार सितम्बर 1984 से सितम्बर 1985 तक सम्मिलित हैं तथा इसके साथ पहिले के चारों वोल्यूम से में निहित रायो का विषयानुसार वर्णमाला क्रम में परिशिष्ट है। इसे बिक्री के लिये जारी कर दिया है।

(3) समिति के महत्वपूर्ण विचारों का संक्षिप्त सारांश "दि चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट" के प्रत्येक संस्करण में सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है।

3.10 आचार संहिता स्तर समिति

समिति ने इंस्टीट्यूट के सदस्यों को प्रभावित करने वाले आचार संहिता के महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विचार किया जैसे कि :—

(ए) "दूसरे दुराचरण" को कौन बनाते है के ऊपर मार्ग दर्शक नोट

समिति द्वारा तैयार किये गये दर्शक नोट को परिषद् ने दिसम्बर 1985 में हुई अपनी बैठक में स्वीकृति दे दी। इस मार्ग दर्शक नोट को तैयार करने की आवश्यकता तब हुई जबकि यह निश्चित कर पाना मुश्किल हो रहा था कि चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स अधिनियम के अनुभाग 21 और 22 के अन्तर्गत इंस्टीट्यूट के सदस्यों के कौन से कार्य तथा गलतियों "अन्य दुराचार" को जन्म देते हैं। मार्गदर्शक नोट में "अन्य दुराचार" के क्षेत्रों जिससे कि एक सदस्य पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है का वर्णन किया गया है। इस मार्गदर्शक नोट को चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट के जून 1986 के संस्करण में छापा गया था।

(बी) प्रैक्टिस कर रहे चार्टर्ड एकाउंटेन्टो द्वारा अपने एकाउन्ट्स की किताबों को अनिवार्य रूप से रखना।

समिति की सिफारिशों के आधार पर परिषद् ने चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स अधिनियम 1949 के दूसरी अनुसूची के भाग 2 क्लॉज (2) द्वारा प्रदान अधिकारों का प्रयोग करते हुए एक अधिसूचना जारी की है। इसमें इस बात का वर्णन किया गया है कि प्रैक्टिस कर रहा सदस्य व्यवसायिक दुराचार

का दोषी माना जायेगा यदि वह या वह कोई एकाउन्टेन्ट की उस फर्म का जिसमें वह भागीदार हो, अपने या इस फर्म के व्यावसायिक प्रेक्टिस से संबंधित एकाउन्ट्स की उचित किताबों को जिसमें कि एक कैश बुक तथा एक लेजर शामिल है रखने या बनाए रखने में असमर्थ रहता हो।

3.11 विश्वविद्यालय सम्पर्क समिति

(ए) पी. एच. डी. करने के लिये सी. ए. पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालयों द्वारा मान्यता

विश्वविद्यालय सम्पर्क समिति के प्रयत्नों के फलस्वरूप अब तक 24 विश्वविद्यालयों तथा भारतीय विश्वविद्यालय संघ ने पी. एच. डी. को कोर्स करने हेतु सी. ए. योग्यता को मान्यता दे दी है।

(बी) बी. कॉम. कोर्स के लिये आदर्श पाठ्यक्रम

विश्वविद्यालय सम्पर्क समिति ने भारतीय विश्वविद्यालयों के बी. कॉम. कोर्स के लिये एक आदर्श पाठ्यक्रम तैयार किया है तथा देश के बहुत से विश्वविद्यालयों को इसे वितरित किया गया है। समिति विश्वविद्यालयों द्वारा इस आदर्श पाठ्यक्रम को स्वीकार कराने के लिये प्रयत्न कर रही है।

(सी) चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट के रूप में भविष्य

समिति का पहला प्रकाशन "प्रोफाईल ऑफ ऐ प्रोफेशन" का संशोधन कार्य पूर्ण हो गया है। संशोधित प्रकाशन का नाम "केरियर इन ऐ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट" रखा गया है। इसका शीघ्र ही जारी होने की आशा है।

(डी) स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों द्वारा एकाउन्टेन्सी तथा संबंधित विषयों का पाठन कार्य

इस मामले को समिति ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के साथ लिया हुआ है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने समिति के इस प्रस्ताव को स्वीकार करने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है। मामले पर समिति द्वारा फिर से विचार किया जायेगा।

(ई) बी. कॉम. परीक्षाओं में एकाउन्टेन्सी विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा पुरस्कार से अलंकृत करने हेतु अनुदान

साल के दरमियान, अनुदान देने के लिये राशि जो कि पहले से स्वीकृत थी का वितरण निम्न प्रकार से किया गया। पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ (रु. 5,000/-), रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर (रु. 5,000/-), उत्तरी बंगाल विश्वविद्यालय, दार्जिलिंग (रु. 3,000/-) और उसमानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद (रु. 10,000/-), उसमानिया विश्वविद्यालय के लिये 5000 रुपया स्थानीय सदस्यों द्वारा इकट्ठा किया गया।

(एफ) सेमीनार

फरवरी 1986 में जोधपुर में जोधपुर विश्वविद्यालय के सहयोग से एक सेमीनार का आयोजन किया गया। 1986-87 में समिति के साथ संयुक्त रूप से सेमीनार का आयोजन करने हेतु पूना विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, बम्बई विश्वविद्यालय, गुजरात विश्वविद्यालय, तथा बंगलौर विश्वविद्यालय ने अपनी सहमति दे दी है।

(जी) अनेक विश्वविद्यालयों तथा कालेजों को इंस्टीट्यूट को जरनल उपलब्ध कराना

समिति इस बात की कोशिश कर रही है कि देश के सभी विश्वविद्यालयों तथा कालेजों को इंस्टीट्यूट का जनरल मिल सके।

3.12 अवैधिक रूप से हटाये गये आडिटरों के मामलों पर विचार हेतु समिति

साल के दरमियान परिषद् द्वारा निश्चित किये गये समिति के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत समिति ने इस तरह के 2 मामलों पर विचार किया। जिनके परिणाम के आधार पर समिति के कार्य क्षेत्र को विस्तार के प्रश्न पर परिषद् का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है।

4 अन्य मामले

4.1 जन सम्पर्क समिति

(1) व्यवसाय की प्रतिष्ठा को और अधिक बढ़ाने तथा इंस्टीट्यूट के कार्यों को आम जनता को अच्छी तरह से समझाने हेतु जन-सम्पर्क समिति ने अनेक कार्यक्रमों को अपनाया।

(2) 31 मार्च 1985 को समाप्त हुये वर्ष की 36वीं वार्षिक रिपोर्ट का एक सारांश बहुत सारे प्रसिद्ध समाचार पत्रों में छापा गया।

(3) आई. सी. ए. आई. का समाचार पत्र के माध्यम से परिषद् के उद्देश्यों की पूर्ति तथा इसके द्वारा बनाई गई नीतियों को आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है। इसे संसद सदस्यों, अधिकारियों को सदस्यों, विश्वविद्यालयों, अनेक सरकारी विभागों तथा दूसरी अन्य संस्थाओं को वितरित किया जाता है। अब तक 10 ऐसे अंक प्रकाशित किये जा चुके हैं।

(4) "चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट और समाज" नामक प्रकाशन को संशोधित किया गया है तथा दूसरी बार छापा गया है।

(5) जब कभी भी जरूरत महसूस हुई समय-समय पर समाचार पत्रों में छापे हुये गलत अफवाहों को सही करने हेतु स्पष्टीकरण जारी किये गये तथा परिषद् की नीतियों पर प्रकाश डाला गया।

(6) काउन्टिंग स्टेन्डर्डस के एक रूप से अपनाने के ऊपर इंस्टीट्यूट के विचारों को अपनाने, पाठ्यक्रम को दोहराने तथा अन्य मामलों के संबंध में अध्यक्ष द्वारा संवाददाता सम्मेलनों का आयोजन किया गया। इंस्टीट्यूट के विचारों को अनेक समाचार पत्रों ने उचित स्थान दिया।

(7) स्थानीय पत्रों ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की अनेक क्षेत्रीय परिषदों तथा शाखाओं की यात्राओं का अपने दैनिक समाचार पत्रों में उचित वर्णन किया।

(8) सामान्य महत्व के मामलों तथा व्यवसाय से संबंधित मामलों पर इंस्टीट्यूट के विचारों को पत्र विज्ञप्तियों के द्वारा समझाया गया।

4.2 चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों का अखिल भारतीय सम्मेलन

चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों का अखिल भारतीय सम्मेलन हर तीन साल के बाद देश के विभिन्न भागों में आयोजित किया जाता है। इस बार सम्मेलन को आयोजित करने की जिम्मेदारी पूर्वी क्षेत्र की है। परिषद् ने चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों का ग्यारहवां अखिल भारतीय सम्मेलन 18, 19, 20 और 21 दिसम्बर 1986 को कलकत्ता में आयोजित करने का निश्चय किया है। सम्मेलन का आयोजन करने के लिए श्री पी. ए. मायर अध्यक्ष के सभापतित्व में एक सम्मेलन समिति नियुक्त की गई है।

इस सम्मेलन का विषय "नब्बे की मांगें" (चेलेन्जेज ऑफ नाइनटीज) है। इस सम्मेलन में तीन तीन पेपरों वाले चार प्लेनरी सेशन होंगे जिनका वर्णन निम्न प्रकार से है :—

प्लेनरी सेशन-I —मेजरमैंट एवं कम्यूनिकेशन

1. स्टेण्डर्ड सेटिंग एवं इम्पलीमेंन्टेशन
2. सिस्टम अप्रोच टू आडिटिंग
3. प्रोबेल्मस एण्ड क्योर ओफ इण्डस्ट्रीयल सिकनेस

प्लेनरी सेशन II—फिसकल पॉलिसी एण्ड कोरपोरेट लेजिसलेशन

1. मोडवेट —कनसैप्ट एण्ड अप्लीकेसन
2. सिम्पलीफिकेशन एवं रानेलाइजेशन आफ डारेक्ट टैक्स लॉज-ए क्रिटिकल एपाराईजल।
3. लाइबीलीटीज ऑफ डाइरेक्टरस—रिसेन्ट ट्रेन्डस

प्लैनरी सैशन III—इमरजिंग रोल आफ एकाउन्टेन्ट्स इन मेनेजमेंट

1. ई. डी. पी. इज एन ऐड टू मेनेजमेंट

2. प्रोफिट मेनेजमेंट इन पब्लिक सैक्टर

3. कोरपोरेट फाईनेंसिंग—एवेन्यूज फार फण्ड रेजिंग

प्लेनरी सेशन IV—प्रोफेसनल डवलपमेंट

1. सोशाईटीज एक्सपैक्टेसन फ्रोम आडिटर्स

2. एकाउन्टिंग एजुकेसन एण्ड ट्रेनिंग

3. रीव्यू आफ कोड आफ कन्डक्ट

लेखापालों के दक्षिण एशियाई परिसंघ की सदस्य संस्थाओं को इस सम्मेलन में अपना प्रतिनिधि मंडल भेजने के लिये आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन समिति ने सम्मेलन के तिथियों के नजदीक साफा की इस की असैम्बली की बैठक कलकत्ता में करने का निमंत्रण भेजा है जिससे कि उसके सदस्य सम्मेलन में भाग ले सकें। इस निमंत्रण को स्वीकार कर लिया गया है। देश के अन्दर सहायक संस्थाओं के सदस्यों तथा इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेन्ट्स आफ इंडिया तथा इंस्टीट्यूट आफ कम्पनीज सैक्रेटरीज आफ इंडिया को भी सम्मेलन में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया है। यह आशा की जा रही है कि लगभग 1200 प्रतिनिधि इस सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन में भाग लेने के लिये पंजीकरण शुल्क 500 रुपया तथा प्रतिनिधि के साथ आने वाले व्यक्ति के लिये 250 रुपये रखा गया है।

4.3 शिक्षा एवं प्रशिक्षण पुनरवलोकन समिति

परिषद् ने शिक्षा एवं प्रशिक्षण का पुनरवलोकन हेतु एक समिति गठित की है जिससे कि चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों के कार्य क्षेत्र के वातावरण में हुये परिवर्तनों का अनुमान लगाया जा सके तथा इंस्टीट्यूट के शैक्षणिक तथा प्रशिक्षण में और सुधार करने की आवश्यकता पर विचार एकत्रित किये जा सकें। अध्यक्ष श्री पी. ए. नायर इस समिति के सभापति हैं।

समिति ने अनेकों श्रेणियों के प्रतिनिधियों जिनमें कि सदस्य, विद्यार्थी, शिक्षाविदों तथा चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों की सेवाओं का प्रयोग करने वाले शामिल हैं को विस्तृत प्रश्नावली जारी की है। इन प्रश्नावलियों पर प्राप्त उत्तरों को जांचा जा रहा है। समिति ने चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स व्यवसाय से संबंधित समाज के अनेक वर्गों से मौखिक प्रमाण एकत्र करने हेतु देश के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी बैठकें की। एकत्रित किये गये प्रमाणों का समिति जांच कर रही है तथा इसकी रिपोर्ट अतिशीघ्र ही परिषद् को प्रस्तुत किये जाने की आशा है।

4.4 इंस्टीट्यूट का जनरल

(i) जनरल "दि चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट" सदस्यों को निःशुल्क तथा आर्टिकल एवं आडिटकल्र्क क्लर्क और विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे कामर्स के छात्रों को 15 रु. वार्षिक रियायती दर पर भेजा जा रहा है। अन्य लोगों को 50 रुपया वार्षिक दर पर जनरल की प्रतिलिपियां भेजी जा रही हैं।

(ii) जनरल का वितरण 54,500 प्रतिलिपियों तक पहुंच गया है।

(iii) जनरल के प्रकाशन में अनेक महत्वपूर्ण सुधार किये गये। इसकी सामग्री तथा बाह्य पृष्ठ तथा अन्य क्षेत्रों में काफी सुधार हुआ है। छापने की प्रक्रिया को लैटरप्रेस से आफसेट में बदल दिया है। जरनल को आम जनता विद्यार्थियों तथा सदस्यों में लोकप्रिय बनाने हेतु अनेक सम्पादकीय सुधार भी किये गये।

(iv) सम्पादकीय बोर्ड ने जरनल के वाल्यूम 33 (जुलाई 1984 से जून 1985 तक) तथा 34 (जुलाई 1985 से जून 1986) तक में छपे सर्वोत्तम लेखों को निम्नलिखित पुरस्कार दिये हैं।

1984-85

मुख्य भाग

1500 रुपये का प्रथम पुरस्कार	अक्तूबर 1984 संस्करण में छपे श्री आर. के. शर्मा द्वारा लिखित "पी. ए. रेशियों एनालिसिस एण्ड इनवैस्टमेंट डीसीजन" के लेख को।
1000 रुपये का दूसरा पुरस्कार	अगस्त 1984 संस्करण में छपे श्री डी. एन. पाण्डे द्वारा लिखित "टैक्स ट्रीटमेंट आफ, स्पेकुलैटिव ट्रानजेक्सन्स" के लेख को।
500 रुपये का तीसरा पुरस्कार	जनवरी 1985 संस्करण में छपे श्री पी. सी. जैन द्वारा लिखित "इफेक्टिव मेनेजमेंट आडिट रिपोर्ट" के लेख को।

विद्यार्थी भाग

500 रुपये का पुरस्कार	मार्च 1985 संस्करण में छपे श्री सतीश के. बागमर द्वारा लिखित "आडिटिंग दी कम्प्यूटराइज एकाउन्ट्स" के लेख को

1985-86

मुख्य भाग

1500 रुपये का प्रथम पुरस्कार	अगस्त 1985 संस्करण में छपे श्री एस. एम. घटपाण्डे द्वारा लिखित "फोर्म एण्ड कन्टेन्ट्स ऑफ अनक्वालिफाइड कम्पनी आडिट रिपोर्ट" के लेख को
1000 रुपये का दूसरा पुरस्कार	मई 1986 संस्करण में छपे श्री आर. ए. यादव द्वारा लिखित "वर्किंग कैपिटल मनेजमेंट ए. पैरामैट्रिक एप्रोच" के लेख को
500 रुपये का तीसरा पुरस्कार	जून 1986 संस्करण में छपे संयुक्त रूप से श्री जी. वेंकटाचलम और श्री डी. वर्कासिनामूर्थी द्वारा लिखित लेख "पब्लिक सैक्टर इन्टरप्राइजेज—एक्सटर्नल सोर्स आफ फाइनेंस" के लेख को

विद्यार्थी भाग

750 रुपये का प्रथम पुरस्कार	दिसम्बर 1985 संस्करण में छपे श्री अनिल महेश द्वारा लिखित लेख "कोस्ट इस्टीमेशन फंडामेंटल कानसेप्ट" के लेख को
500 रुपये का दूसरा पुरस्कार	अप्रैल 1986 में छपे श्री वी. एस. जोहरी द्वारा लिखित "सिस्टम ऐनालिसिस" लेख को

4.5 चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स विनियमों में परिवर्तन

(ए) केन्द्रीय सरकार की अनुमति से वर्ष के दरमियान विनियमों में निम्नलिखित परिवर्तन किये गये :—

1. 1-4-1986 से सदस्यों द्वारा दी जाने वाली सदस्यता शुल्क में बढ़ोत्तरी।

2. अन्तिम परीक्षा (पुराना पाठ्यक्रम) को समाप्त करना तथा सूची "बी" में पैराग्राफ 10ए को जोड़ना जिसमें कि उन विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने पुराने पाठ्यक्रम के अन्तर्गत अन्तिम परीक्षा का एक भाग पास कर लिया है या जिन्होंने किसी विशेष विषयों में छूट प्राप्त की है उनको नये पाठ्यक्रम के अन्तर्गत समान विषयों में छूट देने की व्यवस्था की गई है।

3. सूची "बी" के पैराग्राफ 14 के अन्तर्गत इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स इन बंगलादेश को मान्यता देना

(बी) नये आने वाले रेगुलेशन्स जिसका आशय वर्तमान रेगुलेशन्स का सरलीकरण करना तथा प्रक्रिया संबंधी विलम्ब को कम करना है, केन्द्रीय सरकार की स्वीकृति का इंतजार कर रहे हैं। सरकार से अति शीघ्र स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रयत्न किये जा रहे हैं।

(सी) चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स रेगुलेशन्स पिछली बार सन् 1983 में 1-1-1983 तक के हुए परिवर्तनों को सम्मिलित करते हुए छापा गया था। रेगुलेशन्स के छपने के बाद से बहुत सारे परिवर्तन हो गये हैं। 1-12-1985 तक हुए परिवर्तनों को सुधार पर्चियों के रूप में छापा गया है। ये अब बिक्री के लिये उपलब्ध हैं।

4.6 परिषद् की वार्षिक बैठक

इंस्टीट्यूट के तत्कालीन अध्यक्ष श्री एस.सी. चक्रवर्ती के सभापतित्व में परिषद की 36वीं वार्षिक बैठक 16 सितम्बर 1986 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में हुई। इस उत्सव में केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री माननीय श्री ए.के. सेन मुख्य अतिथि थे। मंत्री महोदय ने उन कम्पनियों तथा वित्तीय संस्थाओं को शील्ड और प्लैक्यू भेंट की जिन्होंने सर्वोच्च ढंग से प्रस्तुत एकाउन्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेकर पुरस्कार जीता था। इंस्टीट्यूट की परीक्षाओं में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार तथा पदक प्रदान किये गये। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री पी.ए. नायर ने धन्यवाद का प्रस्ताव रखा।

4.7 पुस्तकालय

वर्ष के दरमियान नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय परिषद् की पुस्तकालय में 708 नई किताबें रखी गई जिनको मिलाकर पुस्तकों की कुल संख्या 20558 हो गई है। पुस्तकालय में बढ़ती हुई सुविधाओं का सदस्यों तथा विद्यार्थियों द्वारा पूरा उपयोग किया जा रहा है।

4.8 बाहरी निकायों में प्रतिनिधित्व

इंस्टीट्यूट अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से अनेक बाहरी निकायों में अपना प्रतिनिधित्व बनाये हुए हैं। इस प्रकार के प्रतिनिधित्व का पूरा विवरण परिशिष्ट 5 में दिया गया है।

4.9 समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत सदस्य:

एकाउन्टिंग तथा वित्त के क्षेत्र में अपनी उच्चतर डिग्री अनुभव तथा ज्ञान के कारण इंस्टीट्यूट के अनेक सदस्य सार्वजनकि क्षेत्रों के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों जिनमें कानून बनाने वाली संस्थाएं सार्वजनिक वित्तीय संस्थाएं राष्ट्रीयकृत तथा अन्य बैंकों शैक्षणिक संस्थाएं और स्थानीय प्राधिकरण शामिल है पर अपना स्थान बनाए हुए है।

4.10 महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की बैठकें तथा शाखाओं की यात्रायें

पुनरवलोकन वर्ष के दरमियान अध्यक्ष व उपाध्यक्ष केन्द्रीय मंत्रियों सरकारी विभाग के अधिकारियों तथा अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों से मिले अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष अनेक विश्वविद्यालयों के उप कुलपतियों, चैम्बर आफ कामर्स के अध्यक्षों तथा इन्कम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के सदस्यों से भी मिले।

23 जनवरी 1986 को 1986-87 के बजट प्रस्तुत करने से पहले उद्योगपतियों सहित माननीय वित्त मंत्री श्री वी.पी. सिंह के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था के ऊपर हुई बैठक का विशेष वर्णन किया जाता है। अध्यक्ष ने माननीय वित्त मंत्री के साथ 21 मार्च 1986 को पोस्ट बजट विचार विमर्श में भी भाग लिया। 7 मार्च, 1986 को अध्यक्ष ने केन्द्रीय उद्योग मंत्री माननीय श्री एन.डी. तिवारी से उन्हें राष्ट्रीय कार्यों में व्यवसाय के योगदान से अवगत कराने हेतु भेंट की।

अप्रत्यक्ष करों के ढंग और नियमों में सुधार हेतु वित्तमंत्री द्वारा मांगे गये सुझावों के प्रतिवेदन में इंस्टीट्यूट में अपनी कराधान समिति के सभापतित्व की देखरेख में बम्बई में एक अध्ययन दल का गठन किया। केन्द्रीय आबकारी तथा बहिःशुल्क नियमों का राशनेलाइजेशन तथा सरलीकरण हेतु अलग-अलग ज्ञापन सरकार को दिये गये।

अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने समस्त क्षेत्रीय परिषदों तथा अनेक क्षेत्रीय परिषदों की शाखाओं का दौरा किया तथा सदस्यों एवं विद्यार्थियों के लिये व्यावसायिक अवसरों तथा शैक्षणिक सुविधाओं के विकास के मामलों पर विचार विमर्श किया।

4.11 चार्टर्ड एकउन्टेंट्स सहायता कोष

इंस्टीट्यूट के जरूरतमन्द सदस्यों तथा उनकी विधवाओं और बच्चों के शिक्षा तथा अन्य जरूरतों की पूर्ति हेतु वित्तीय सहायता देने के लिये दिसम्बर 1962 मे चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स सहायता कोष की व्यवस्था की गई थी। इसकी स्थापना के बहुत सारे वर्षों के निकल जाने के बावजूद भी इसकी सदस्य संख्या तथा आय के साधन बहुत कम थे। 31-3-83 को कोष के 2112 सदस्य थे जिनमें 166 आजीवन सदस्य थे। "दी चार्टर्ड एकाउन्टेंट" के माध्यम से अध्यक्ष ने आजीवन सदस्य बनाने के लिए एक उल्लासजनक कार्यक्रम की शुरूआत की। बहुत सारे सदस्यों को व्यक्तिगत पत्र लिखे गये। अध्यक्ष ने क्षेत्रीय परिषदों तथा इनकी शाखाओं की यात्राओं का लाभ उठाते हुए सदस्यों से आजीवन सदस्य बनाने के लिये निवेदन किया। यह उत्साहवर्धक है कि असर बहुत ही सन्तोषजनक रहा। आजीवन सदस्यों की संख्या जो कि 31-3-85 का 166 थी बढ़कर 1-9-1986 को 2718 हो गई।

वर्ष के दरमियान संकट मे फंसे सदस्यों तथा दिवंगत सदस्यों के परिवारों को 1,06,500 रुपये बांटे गये। कोष के आय मे वृद्धि होने से अब जरूरत मंद सदस्यों तथा उनके परिवारों को दी जाने वाली सहायता में वृद्धि करना संभव हो गया है।

कोष में 31-3-1986 को शेष राशि 6,66,221 रुपये थी जो कि 31-3-1985 को 2.17,471 थी। इस रिपोर्ट की तिथि के समय बकाया राशि 15,13,221.00 रुपये थी।

4.12 एस. वैद्यनाथ अय्यर स्मृति कोष

वर्ष 1985-86 के दरमियान सी.ए. का कोर्स कर रहे छात्रों को 100/- रुपये प्रति महीने की छः छात्रवृत्तियों प्रदान की गई। कोष की प्रबन्धक समिति ने छात्रवृत्तियो की संख्या को बढ़ाने का निश्चय किया है। इस साल 100/- रुपये प्रति महीने के हिसाब से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को 18 छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। इनका विवरण इस प्रकार है—पश्चिमी क्षेत्र–4, दक्षिणी क्षेत्र–4, पूर्वी क्षेत्र–4, केन्द्रीय क्षेत्र–3, और उत्तरी क्षेत्र–3। 1986-87 में सी.ए. कोर्स कर रहे विद्यार्थियों को इस कोर्ष में से 25 छात्रवृत्तियां देने का प्रस्ताव है।

31-3-1986 को कोष का सदस्य संख्या 161 थी। 31-3-1986 को कोष में बकाया राशि 55740 रु. 10 पैसे थी जोकि 31-3-1985 को 59594 रु. 90 पैसे थी।

4.13 भूतपूर्व डायरेक्टर आफ स्टडीज श्री टी.एस. ग्रेवाल का निधन

प्रो. टी.एस. ग्रेवाल जो कि एक प्रसिद्ध शिक्षाविद तथा इंस्टीट्यूट के भूतपूर्व डायरेक्टर आफ स्टडीज थे, का 14-12-1985 को निधन हो गया।

5. सदस्य

5.1 सदस्यता

साल के दरमियान 4387 नये सदस्य पंजीकृत किये गये। परिणामस्वरूप 31-3-1986 को सदस्य संख्या 40278 हो गई। साल के दरमियान पिछले साल में पंजीकृत 1145 फैलो सदस्यों की तुलना में 1330 एसोसियेट सदस्यों को फैलो बनाया गया। सदस्यता के वर्गीकरण का विस्तारपूर्वक विवरण परिशिष्ट 6 में दिया गया है।

5.2 ट्रेड/फर्म के नामों की स्वीकृति हेतु गाइडलाइन्स

